Bharat Temples

क्या लागे गोपाल मीरा तेरा क्या लागे

राणा जी-
क्या लागे गोपाल मीरा तेरा क्या लागे
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

मोटे छोटे कपडे छोड़ो मीरा,
तुम पहनो साल दुशाल,
मीरा तेरा क्या लागे,
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

तुलसी की माला छोड़ो मीरा,
तुम पहनो नवलख हार,
मीरा तेरा क्या लागे,
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

साधु की संगत छोड़ो मीरा,
नही तो कुल को लग जाए दाग,
मीरा तेरा क्या लागे,
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

मीरा जी –
मोटे छोटे कपडे नही छोड़ू राणा,
यही तो हमारो सुहाग,
मीरा तेरा क्या लागे,
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

तुलसी की माला नही छोड़ू राणा,
यही तो हमारो श्रृंगार,
मीरा तेरा क्या लागे,
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

साधु की संगत नही छोड़ु राणा,
यही तो हमारो परिवार,

मीरा तेरा क्या लागे,
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

नन्द बाबा है ससुर हमारे,
जेठ दाऊ जी दयाल,
मीरा तेरा क्या लागे,
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

मात यशोदा है सास हमारी,
देवर सारे ग्वाल,
मीरा तेरा क्या लागे,
और अंत में –
और पति बिहारी लाल,
मीरा तेरा क्या लागे,
क्या लागे गोपाल, मीरा तेरा क्या लागे।।

Source: https://www.bharattemples.com/kya-lage-gopal-meera-tera-kya-lage/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw